**कनिष्ठ अभियंता (सिविल/इलैक्ट्रिकल) – पैनल वर्ष 2022 की भर्ती : बैंक के पश्चिम क्षेत्र में नियुक्ति के लिए अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों के रोल नंबर**

हमारा संदर्भ कनिष्ठ अभियंता (सिविल/इलेक्ट्रिकल) पैनल वर्ष 2022 के पदों की भर्ती हेतु हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर प्रकाशित दिनांक 09 जून, 2023 के विज्ञापन से है। उम्मीदवारों के ऑनलाइन परीक्षा , भाषा प्रवीणता परीक्षा (एलपीटी) एवं दस्तावेज़ सत्यापन के निष्पादन के आधार पर उपर्युक्त पदों के लिए अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों की सूची नीचे लिंक में दी गई है:

"अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों के रोल नंबर – पश्चिम क्षेत्र"

यह सूची अनंतिम है, बशर्ते लंबित दस्तावेज़ को प्रस्तुत करने, उम्मीदवार चिकित्सकीय रूप से फिट पाए जाएं एवं ऊपर उल्लिखित हमारे विज्ञापन में निर्धारित अन्य नियमों और शर्तों को पूरा करते हों। कृपया ध्यान दें कि आवश्यक प्रमाण पत्र/दस्तावेजों के अभाव में और/या किसी भी नियम और शर्तों को पूरा नहीं करने पर, उम्मीदवारों को बैंक में नियुक्त नहीं किया जाएगा।

मुंबई कार्यालय द्वारा अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रस्ताव हमारे पास उपलब्ध उनके डाक पते/ ई-मेल आईडी पर भेजा जाएगा। चयन प्रक्रिया से संबंधित सभी मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा।

**क्षेत्रीय निदेशक**<br>**भारतीय रिज़र्व बैंक**<br>**मानव संसाधन प्रबंधन विभाग**<br>**मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय**<br>**मुंबई - 400001**

**अस्वीकरण :** हालांकि सफल उम्मीदवारों की सूची तैयार करते समय अत्यधिक सावधानी बरती गई है, अनजाने में हुई त्रुटियों, यदि कोई हो, को सुधारने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है।

**टिप्पणी:**

1. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों की उम्मीदवारी परिणाम की घोषणा की तारीख से **एक माह** के भीतर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी मूल जाति प्रमाण पत्र और संवीक्षा समिति द्वारा जारी जाति वैधता प्रमाण (महाराष्ट्र राज्य के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र के लिए लागू) पत्र प्रस्तुत करने के अधीन है।

2. ईडब्ल्यूएस से संबंधित उम्मीदवारों की उम्मीदवारी परिणाम की घोषणा की तारीख से **एक माह** के भीतर भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के अधीन है।